






# पंजा दरी से सीधी को मिलेगी विश्व स्तरीय पहचान

## एक जिला एक उत्पाद में सीधी की पंजा दरी एवं कारपेट को मंजूरी, व्यवसाय से जुड़े बुनकरों के बहुरेंगे अच्छे दिन

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। पंजा दरी व कालीन उद्योग से सीधी को विश्व स्तरीय पहचान मिलेगी। प्रदेश सरकार के हाल ही में कैबिनेट बैठक में एक जिला एक उत्पाद परियोजना के तहत प्रदेश के 7 जिलों के पारंपरित उत्पादों को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया। इसलिए सीधी जिले की प्रसिद्ध पंजा दरी एवं कालीन को भी शामिल किया गया है।**

### जिले के हजारों परिवार व्यवसाय से जुड़े

जिले में पंजा दरी और कालीन के व्यवसाय से एक हजार से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। लगभग 95 करघे संचालित हो रहे हैं। इसका मुख्य केन्द्र रामपुर नैकिन विकासखंड के भरतपुर के साथ ही सिहावल विकासखंड के हटवा खास, हटवा देवार्थ, खोरबा टोला, पथरौहीं, अमरपुर, मरसर सहित आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में बुनकर इस कार्य में लगे हैं। हथकरघा ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत हटवा क्षेत्र में 7 समितियां कार्यरत हैं। जिनसे करीब 500 बुनकर जुड़े हुए हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश डे-ग्रामीण आजीविका परियोजना के तहत 1500 स्वसहायता समूह भी इस कार्य में सक्रिय हैं। जिनमें प्रत्येक समूह में 10 से 15 महिलाएं कार्य कर रही हैं। बुनकरों का कहना है कि स्थानीय बाजार के अभाव में जिले के अधिकांश बुनकर कम्पनियों के आर्डर पर निर्भर हैं। उत्तर प्रदेश की कम्पनियां कच्चा माल और डिजाइन उपलब्ध कराती हैं। जिसके आधार पर बुनकर दरी और कालीन तैयार करते हैं। बाद में यही कम्पनियां इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात करती हैं। जिससे मुनाफा कम्पनियों को मिलता है।



सरकार ने इन उत्पादों के संरक्षण, विकास और विपणन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 5 वर्षों में सातों जिलों के लिए संयुक्त रूप से 37.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे सीधी जिले में दरी-कालीन के पुस्तैनी कारोबार से जुड़े बुनकरों को नई आर्थिक मजबूती मिलने की उम्मीदें हैं। दरअसल आत्मनिर्भर म.प्र. रोड़मैप के तहत वर्ष 2021-22 में सीधी जिले के लिए पंजा दरी एवं कालीन को एक जिला-एक उत्पाद के रूप में चयनित किया गया था। सीधी की दरियां और कालीन अपनी सुंदर बनावट, मजबूत धागों, चटख रंगों और लंबे समय तक टिकाऊ रहने के कारण देश-विदेश में पहचान बना चुकी है। कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हस्तकला और व्यापार मेलों में इन उत्पादों की सराहना भी हो चुकी है। इसके बावजूद लंबे समय तक इस पारंपरिक उद्योग से जुड़े बुनकर आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हो पाए। इसका मुख्य कारण बेहतर बाजार की कमी और कच्चे माल के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता है। देश और दुनिया में पंजा दरी सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। इसे जिले में महिलाएं अपने घरों के भीतर बनाती हैं। इसके जीआई टैग की लड़ाई भी पिछले काफी समय से चल रही है। सीधी जिले में भरतपुर और सिहावल के हटवा खास गांव का नाम अब विदेशों तक पहुंच गया है। यह गांव महिलाओं द्वारा बनाई गई पंजा दरी के लिए प्रसिद्ध हैं। इस व्यवसाय से जुड़ी महिलाएं लखपती बन गई हैं। सरकार ने इस कामयाबी को देखते हुए पंजा दरी को एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल किया है। भरतपुर, हटवा खास और आसपास के गांवों में आजीविका मिशन के साथ जुड़ी महिलाएं और उनके परिवार सीधे पंजा दरी के काम में शामिल हैं।

### इनका कहना है

प्रदेश कैबिनेट की बैठक में एक जिला-एक उत्पाद परियोजना का अनुमोदन किया गया है। इसमें सीधी जिले का दरी एवं कालीन भी शामिल है। योजना के तहत पारंपरिक एवं विशिष्ट उत्पाद दरी एवं कालीन के संरक्षण, विकास और विपणन को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे अब दरी एवं कालीन के पुस्तैनी व्यवसाय से जुड़े बुनकरों के दिन बहुरेंगे और वह आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

**रोहित पटेल, सहायक संचालक हथकरघा ग्रामोद्योग सीधी**



# ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर सैनिकों का हुआ सम्मान

## ग्राम डढ़िया में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी,8 मई। ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सीधी जिला राष्ट्रभक्ति, वीरता और सैनिक सम्मान की भावना से ओतप्रोत नजर आया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रसेवा को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों एवं वीर जवानों के परिजनों का सम्मान किया गया।**

चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम डढ़िया स्थित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने अमर शहीद सुधाकर सिंह बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसी क्रम में विधायक रीती पाठक द्वारा गांधी चौराहा सीधी में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वीर सैनिकों के परिजनों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। विधायक रीती पाठक ने कहा कि सैनिकों का त्याग और समर्पण देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

वहीं कुसमी विकासखंड के गोतरा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सैनिकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। जिलेभर में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और सैनिक सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि देश की रक्षा में समर्पित हर वीर जवान हमारा गौरव है। ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने न केवल वीर सैनिकों के सम्मान को नई ऊंचाई दी, बल्कि युवाओं में राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की भावना को भी और अधिक मजबूत किया।

# ईदुज्जुहा व मोहर्रम पर्व के संबंध में शांति समिति की बैठक 11 को

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। अपर कलेक्टर ने बताया कि आगामी ईदुज्जुहा एवं मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।**

उन्होंने बताया कि ईदुज्जुहा पर्व 27 मई तथा मोहर्रम पर्व 26 जून को मनाया जाएगा। इन पर्वों के दौरान कानून व्यवस्था, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के संबंध में 11 मई को दोपहर 12 बजे टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं शांति समिति के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है ताकि पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक सुझाव एवं समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

# पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन के लिए हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार एवं डिप्टी कलेक्टर सह परियोजना अधिकारी प्रिया पाठक के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका सीधी के सभाकक्ष में संपन्न हुई।**

कार्यशाला में जिले के समस्त नगरीय निकायों के बैंक प्रबंधक, लीड बैंक प्रबंधक, संबंधित अधिकारी तथा स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के उद्देश्यों,



निर्धारित लक्ष्यों, वर्तमान प्रगति तथा पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ उपलब्ध कराने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। डिप्टी कलेक्टर सह परियोजना अधिकारी प्रिया पाठक ने बैंक प्रबंधकों के साथ समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 30 सितम्बर 2026 तक शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृति एवं वितरण किया जाना प्राथमिकता रहे ताकि स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके तथा छोटे व्यवसायियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यशाला में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों एवं बैंकिंग संस्थाओं के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों ने भी हितग्राहियों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने तथा योजना को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

# आश्रय स्थल में हितग्राहियों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। डिप्टी कलेक्टर सह मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रिया पाठक के मार्गदर्शन में गुरुवार 7 मई को आश्रय स्थल सीधी में निवासरत हितग्राहियों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।**

स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय सीधी की चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया, जिसमें हितग्राहियों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ रक्तचाप, शुगर एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गईं। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए जरूरतमंद हितग्राहियों को



आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकीय टीम ने हितग्राहियों को स्वच्छता, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। आश्रय स्थल में रह रहे लोगों ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना की।

कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा 30 अप्रैल 2026 को आश्रय स्थल सीधी का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रय स्थल में निवासरत हितग्राहियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आश्रय स्थल में निवासरत जरूरतमंद व्यक्तियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं का समय-समय पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर प्रगणक को नोटिस

**सीधी 8 मई।** जनगणना-2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक एवं प्रगणक पंकज कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्यालय तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना तहसील गोपद बनास द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित प्रगणक द्वारा जनगणना कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तथा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया। कलेक्टर विकास मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित कर्मचारी 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करें। संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर म.प्र. सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# खड़ौरा में नशा मुक्ति के लिए जागरुकता रैली निकली

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला इकाई सीधी की उपशाखा मझौली द्वारा आज ग्राम खड़ौरा में एक भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते नशे के चलन को रोकना और युवाओं को एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम की मुख्य रैली का संयोजन इंडियन रेडक्रास सोसायटी के काउंसलर राजधर सिंह गहरवार की उपस्थिति में हुआ। रेडक्रास उपशाखा मझौली के सक्रिय सदस्य डॉ.प्रवेश गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत




जानकारी दी। उन्होंने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक संकल्प पर बल दिया। पूरी रैली के दौरान नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो के नारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। रैली में स्थानीय खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एक स्वस्थ समाज की ओर कदम रैली के समापन पर उपस्थित सभी नागरिकों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे ताकि आने वाली पीढ़ी को इस बुराई से बचाया जा सके।

# अनुपस्थित कर्मचारी को नोटिस

**सीधी 8 मई।** तहसील बहरी में पदस्थ एक कर्मचारी के बिना अनुमति कार्यालय से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्यालय तहसीलदार बहरी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया है कि संबंधित कर्मचारी को जन सुनवाई, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, किंतु वह 13 अप्रैल 2026 से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थित हैं। साथ ही पूर्व में भी व्हाट्सऐप के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर लंबे समय तक अवकाश पर रहने की जानकारी दी गई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित कर्मचारी 3 दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर म.प्र. सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के साथ मारपीट के आरोपियों को सश्रम कारावास की सजा

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। पुलिस के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चुरहट की न्यायालय के द्वारा 6-6 माह के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है।**

बताया गया कि 09.11.2018 को फरियादी आरक्षक रावेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी एवं सहायक उपनिरीक्षक राजमणि अहिरवार व अधिग्रहीत वाहन चालक प्रदीप शर्मा के साथ देहात भ्रमण में गए थे। समय करीब 19:30 बजे सेमरिया बाजार में कल्लू गुप्ता के होटल के पास पहुंचे तो रोड पर राकेश गुप्ता अपनी मोटरसाइकल व स्कूटी खड़ी किए था जिससे आवागवन बाधित हो रहा था और आम जनता को आने-जाने में असुविधा हो रही थी। चौकी प्रभारी के निर्देश पर फरियादी आरक्षक गाड़ी से उतरकर रमेश गुप्ता को समझाने लगा कि रोड पर वाहन मत खड़ा किया करो, हटा लो, तो राकेश गुप्ता का भाई कमलेश गुप्ता व रामपाल उर्फ मंज गुप्ता अपनी दुकान का काउंटर धकेल दिये व अश्लील गालियां देते हुए उससे लपट पड़े। जिससे फरियादी आरक्षक की वर्दी का नेम प्लेट टूटकर गिर गया तथा राकेश गुप्ता ने उसे हाथ-मुक्कों से मारा।

इतने में सहायक उपनिरीक्षक अहिरवार व चौकी प्रभारी आए तो ये कहते हुए कि तुम्हार जैसे बहुत पुलिस वाले देखे है तुम्हारी गाड़ी में



आग लगाकर तुम लोगो को जला देंगे और चौकी में आग लगा देंगे। जिस पर आरोपीगण के विरुद्ध थाना चुरहट में अपराध क्रमांक 497/2018 धारा 353, 186, 332, 294, 506, 34, 283 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय चुरहट के समक्ष पेश किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक आरसीटी/44/2019 में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन सीधी राजकुमार रावत के निर्देशन में सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी गरूण कुमार कोल चुरहट के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चुरहट की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तागण राकेश गुप्ता पिता कल्लू गुप्ता उम्र 30 वर्ष, कमलेश गुप्ता पिता कल्लू गुप्ता उम्र 25 वर्ष, रामपाल गुप्ता पिता मंजा गुप्ता उम्र 35 वर्ष सभी निवासी ग्राम सेमरिया आरक्षी केन्द्र कमर्जी जिला सीधी म.प्र. तीनों को धारा 332, 34 भादवि के आरोप में 6-6 माह के सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कक्षा संचालन व पंजीयन बढ़ाने बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड सीधी के चिन्हित 19 हजार शेष असाक्षरों को वर्ष 2027 के अंत तक आजीविका मिशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से अक्षर साथियों के माध्यम में साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।**

उसी तारतम्य में सीधी ब्लाक के जनशिक्षा केन्द्र धुम्मा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरिगवां के महिला अक्षर साथियों की बैठक विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता विनोद कुमार



दुबे व आजीविका मिशन के ब्लाक कॉर्डिनेटर अशोक पाण्डेय द्वारा आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से सभी अक्षर साथियों को घर घर सर्व करे वा निरक्षरों को चिन्हित करके ज्यादा से ज्यादा निरक्षरों का एनआईएलपी एप में रजिस्ट्रेशन करे। साक्षरता के महत्व को समझाते हुई सभी को जागरूक करे प्रचार प्रसार करे। साथ ही चिन्हित निरक्षरों की कक्षाएं भी संचालित करे तथा साक्षर करे। विद्यालय में गर्मी के महीने में ग्रीष्म अवकाश होने के कारण चिन्हित घरों में कक्षा का संचालन नियमित रूप से करे। ग्रीष्म अवकाश के बाद भी संकुल सह समन्यवयक के सहयोग से कक्षा के संचालन के लिए विद्यालय में उल्लास अक्षर पोथी, स्लेट, पेन, पेंसिल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उसकी से अक्षर ज्ञान कराना सुनिश्चित करे। बैठक में प्रमुख रूप से एनआरएलएम से अशोक पाण्डेय, विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता विनोद कुमार दुबे, जन शिक्षक हितेश मिश्रा संकुल सह समन्वयक गणेश सिंह बघेल सहित जनशिक्षा केन्द्र धुम्मा के अक्षर साथी मौजूद रहे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई।** अधीक्षण अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 138 एवं 126 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 9 मई 2026 शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में पात्र उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस विशेष छूट का लाभ समस्त घरेलू उपभोक्ताओं, कृषि उपभोक्ताओं, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू उपभोक्ताओं तथा 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। प्री-लिटिगेशन एवं लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में निर्धारित शर्तों के अनुसार बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों में सिविल दायित्व राशि के भुगतान में विलंब पर लगने वाले ब्याज तथा लिटिगेशन स्तर के मामलों में निर्धारित अवधि के बाद देय ब्याज राशि में पूर्ण छूट का प्रावधान किया।

# जैव विविधता का संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण है आवश्यकता : श्रद्धा

## जिला पंचायत सभागार में जैव विविधता प्रबंधन अस्थाई समिति की बैठक का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मई। जिला पंचायत सीधी के सभागार में आज जैव विविधता प्रबंधन अस्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति श्रीमती श्रद्धा देवेंद्र सिंह द्वारा की गई। बैठक में जिले में जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जैव विविधता के संरक्षण हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने, पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा



स्थानीय स्तर पर जैव संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही जैव विविधता प्रबंधन समितियों की सक्रिय भूमिका एवं ग्राम स्तर पर सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। सभापति श्रीमती श्रद्धा देवेन्द्र सिंह ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बिना पर्यावरण संतुलन बनाए रखना संभव नहीं है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं समिति सदस्यों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। अंत में सभी ने जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जैव विविधता प्रबंधन एवं पंजी निर्माण पर चर्चा। जिले में मौजूद वन एवं वनोपज संघ, सहकारी समितियों एवं वनस्पति, वन्य जीव सोन घड़ियाल अन्य गतिविधियों पर चर्चा। जिले में मौजूद विविधताएं, क्षेत्रीय वैद्य, पीलिया, चर्मरोग, बबासीर, पाइल्स, सर्पदंश अन्य सभी प्रक के वैध्यों की जानकारी। जिले में कृषि, मछलीपालन, गौशाला, पोल्ट्रीफार्म, हथकरघा, गन्ना उत्पादक, मधुमक्खी पालक 1 शासन से संचालित योजनाओं में स्वसहायता समूह के उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों की जानकारी पर चर्चा। महामहिम राष्ट्रपति/राज्यपाल से सम्मानित किसी भी क्षेत्र पर चर्चा हुई।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

उपरोक्त बैठक में श्रद्धा देवेंद्र सिंह सभापति जैव विविधिता एवं प्रबंधन समिति, कृष्णदास साकेत सदस्य जैव विविधिता एवं प्रबंधन समिति, डॉ .राजेश सिंह चौहान परियोजना संचालक आत्मा, डॉ .अमित आनंद सोनी उपसंचालक पशु चिकित्साएं, श्रीमती गीता पटेल उप परियोजना संचालक आत्मा, विनोद भारती ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सीधी, श्रीमती सोनम सिंह विकासखण्ड प्रबंधक आत्मा सिहावल, कु .प्रीति सिंह बीटीएन रामपुर नैकिन, प्रदीप कुमार पनाड़िया बीटीएन सीधी उपस्थित रहे।

CMYK